# SPORTS BOARD, RAJ RISHI BHARTRIHARI MATSYA UNIVERSITY, ALWAR

## PHONE: 0144-2730321, 2730327, 9414211485 FAX: 0144-2730321

## Email: matsyauniv.alwar@gmail.com Website: www.rrbmuniv.ac.in

# SPORTS CALENDAR FOR INTER- COLLEGE/INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS SESSION 2021-22

| INTER COLLEGE TOURNAMENTS | | | | INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Game/Sports | Date | Venue | WZ Inter University Venue | Date | All India Inter Univ. Venue | Date |
| 1. | Badminton (M&W) | 6 Dec., 2021 | Gori Devi Govt. College, Alwar | Rajiv Gandhi, Prodyugiki, Bhopal | | CU, Mohali | |
| 2. | Chess (M)<br>Chess (W) | 6 Dec., 2021<br>6 Dec., 2021 | Adinath Jain College, Alwar | Vivekanad Global Univ., Jaipur<br>AURO University | | SRM University, Tamilnadu<br>SRM University, Tamilnadu | |
| 3. | Archery (M)<br>Archery (W) | 6 Dec., 2021<br>6 Dec., 2021 | Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar<br>Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | | | CU, Mohali<br>CU, Mohali | |
| 4. | Tennis (M) | 6 Dec., 2021 | Presidency College, Alwar | | | KIIT, Bhubaneswar | |
| 5. | Boxing (M)<br>Boxing (W) | 7 Dec., 2021<br>7 Dec., 2021 | Bansur P.G. College<br>Bansur P.G. College | | | LPU, Jalandhar | |
| 6. | Wt. Lifting (M) and Best Physique (M) | 7 Dec., 2021 | Raj Rishi College, Alwar | | | CU, Mohali | |
| 7. | Table Tennis (M)<br>Table Tennis (W) | 7 Dec., 2021<br>7 Dec., 2021 | Govt. College Rajgarh<br>Govt. College Rajgarh | Jiwaji Univ., Gwalior<br>UOR, Jaipur | | CU, Mohali | |
| 8. | Yoga (M)<br>Yoga (W) | 8 Dec., 2021<br>8 Dec., 2021 | Gori Devi Govt. College, Alwar<br>Gori Devi Govt. College, Alwar | | | KIIT, Bhubaneswar<br>KIIT, Bhubaneswar | 25-28Dec.2021 |
| 9. | Hockey (M) | 8 Dec., 2021 | Govt. Commerce College, Alwar | Jiwaji Univ., Gwalior | | JLNHT, University | |
| 10. | Kho Kho (W)<br>Kho Kho (M) | 9 Dec., 2021<br>10 Dec., 2021 | SHM Girl's College, Narayanpur, Alwar<br>Govt. College Rajgarh | Veer Narmad South Gujarat Univ., Gujarat<br>Dr. Hari Singh Gour, Sagar | | Bangalore University, Bangalore<br>Central University of Himachal | |
| 11. | Kabaddi (M)<br>Kabaddi (W) | 9 Dec., 2021<br>10 Dec., 2021 | Aanand P.G. College, Karana (Bansur)<br>Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | SGB, Amrawati<br>SRTM, Nanded | | MDU, Rohtak<br>Guru Gobind Singh Tribal University, Raj. | |
| 12. | Judo (M)<br>Judo (W) | 11 Dec. 2021<br>11 Dec., 2021 | Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar<br>Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | | | CSJM University, Kanpur<br>CSJM University, Kanpur | |
| 13. | Cross Country (M&W) | 13 Dec., 2021 | Bansur P.G. College | | | Mangalore Univ., Mangalore | |
| 14. | Taekwondo (M)<br>Taekwondo (W) | 14 Dec., 2021<br>14 Dec., 2021 | Chandraprabhu Dig. Jain Girls P.G. College, Tijara, Alwar | | | | |
| 15. | Wushu (M&W) | 15 Dec., 2021 | Gori Devi Govt. College, Alwar | | | CSJM University, Kanpur | |
| 16. | Football (M) | 15 Dec., 2021 | Babu Shobha Ram Govt. Arts College, Alwar | Poornima Univ., Jaipur | | MGU, Kottayam | 5-9 Jan.2022 |
| 17. | Wrestling Free Style & Greco Roman Style (M) | 17-18 Dec., 2021 | Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | | | Ch. Bansi Lal, Bhiwani | |
| 18. | Wrestling Free Style (W) | 17-18 Dec., 2021 | Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | | | Ch. Bansi Lal, Bhiwani | 29-31 Dec. 2021 |
| 19. | Basketball (W) | 20 Dec., 2021 | Govt. Commerce College, Alwar | Shri Vaishnav Vidhyapeeth, Indore | | DCRM University, Sonipat | 12-16 Jan.2022 |
| 20. | Basketball (M) | 21 Dec., 2021 | Raj Rishi College, Alwar | Jiwaji Univ., Gwalior | | Hindustan Univ., Chennai | |
| 21. | Shotting Pistol & Air Rifle (M&W) | 20 Dec., 2021 | Shahjanpur P.G. College | | | Manav Rachna International Univ., Faridabad | |
| 22. | Athletics (M)<br>Athletics (W) | 20-23 Dec., 2021<br>20-23 Dec., 2021 | Raj Rishi College, Alwar<br>Raj Rishi College, Alwar | | | Mangalore Univ., Mangalore<br>KIIT, Bhubaneswar | 4-7 Jan.2022<br>12-15 Jan.2022 |
| 23. | Cricket (M) | 3 January 2022 | Babu Shobha Ram Govt. Arts College, Alwar | Veer Narmad South Gujarat Univ., Gujarat | | CSJM University, Kanpur | |
| 24. | Handball (M)<br>Handball (W) | 4 January 2022<br>6 January 2022 | Raj Rishi College, Alwar<br>Kishangarh P.G. College kishangarh Bas, Alwar | Pacific, Udaipur<br>IIS, Jaipur | 19-22Jan.2022<br>8-11Feb.2022 | University of Calicut<br>Ch. Ranbir Singh University, Jind | |

नोट

1. आयोजक महाविद्यालय कोविड–19 की गाइडलाइन की पालना कर ही प्रतियोगिता का आयोजन करवाये
2. जिन कक्षाओं का परिक्षा परिणाम जारी नहीं हुआ है वे छात्र परिक्षा परिणाम जारी होने के बाद अपने परिक्षा परिणाम की कॉपी पात्रता फार्म के साथ सलंग्न करके संबंधित महाविद्यालय से सत्यापित करवायें
3. आयोजक महाविद्यालय प्रतियोगिता के समापन के तुरंत पश्चात् पत्रावली खेल बोर्ड, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में जमा करवायें

DR. VIJAY KUMAR VERMA

Secretary, Sports Board

(Raj Rishi Bhartrihari Matsya University

# नोटः–

1. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रविष्टियॉ आयोजक महा़विद्यालय को भेजने की अन्तिम तिथि 28 नवम्बर, 2021 है।
2. विश्वविद्यालय टीम के खिलाड़ियों को चयन से पूर्व कूपर टेस्ट में 12 मिनट की शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षण में 12 मिनट में पुरूषों के लिए 2.4 कि.मी. (2400 मी.) व महिलाओं के लिए 2 कि. मी. (2000 मी.) दौड़कर/चलकर दूरी तय करना अनिवार्य है।
3. प्रत्येंक टीम के एलीजिबिलिटी प्रारूप के साथ प्रत्येंक खिलाड़ी की 10वीं, 10+2, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकतालिका व पहचान पत्र की संस्था प्रधान से सत्यापित प्रतिलिपि प्रतियोगिता आयोजक महाविद्यालय को जमा कराना अनिवार्य है।
4. एलीजिबिलिटी प्रारूप में छात्र के माता, पिता के नाम एवं छात्र का मोबाईल नम्बर सहित सभी प्रविष्टियों को स्पष्ट लिखना अनिवार्य है।
5. आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता की सूचना/निमन्त्रण की प्रतिक्षा किये बिना प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम के मैनेजर/प्रशिक्षक के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थिति अनिवार्य है।
6. प्रत्येंक प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि से एक दिन पूर्व सांय 6.00 बजे मैनेजरो/प्रशिक्षको की उपस्थिति में प्रतियोगिता का ड्रा निकाला जावेगा। बिना टीम मैनेजर/प्रशिक्षक के टीम को प्रतियोगिता में हिस्सा नही लेने दिया जायेगा।
7. क्रिकेट (पुरूष) प्रतियोगिता का ड्रा आयोजक महाविद्यालय को 23 दिसम्बर, 2021 तक प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर 24 दिसम्बर, 2021 को डाला जायेगा।
8. निर्णयन शुल्कः– टीम खेल रू. 500/–, क्रिकेट रू. 600/–,व्यक्तिगत खेल रू. 700/– व एथलेटिक्स रू. 800/– प्रति वर्ग प्रति टीम होगी। चयन प्रक्रिया वाले खेलों में प्रति महाविद्यालय को एक ईकाई के रूप में प्रति खेल रखा जायेगा।
9. जिस महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय खेल बोर्ड की वार्षिक प्रवेश शुल्क राशि रू. 6000/– प्रतिवर्ग (छात्र/छात्रा) जमा नहीं करायी है, उन्हें निर्देशित करे कि प्रवेश शुल्क (Entry Fee) सचिव, खेल बोर्ड, **राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय**, अलवर के नाम डी.डी./नकद द्वारा दिनांक 25 नवम्बर, 2021 तक जमा करावें अन्यथा उस महाविद्यालय के खिलाड़ी किसी भी प्रतियोगिता/चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने योग्य नही होगें।

## अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु नियम :

### (अ) योग्यता नियम

1. पूर्णकालिक नियमित छात्र/छात्रा जिन्होंने स्कूल स्तर की 10+2 परीक्षा के पश्चात् विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठयक्रम में प्रवेश लिया हो, वही विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा अधिस्वीकृत अन्तर महाविद्यालय/राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओ में भाग ले सकता है।

1.1 खुले विश्वविद्यालयों या दूरस्थ शिक्षा के नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल परिसंघ द्वारा स्वीकृत किसी भी अन्तर महाविद्यालय/ अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं सकता है।

1.2 शोध (पी.एच.डी.), के नियमित छात्र अन्य योग्यता होने पर प्रतियोगिता मे भाग लेने योग्य होगें।

1.3 विदेशी छात्र/छात्रायें अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र होगें, लेकिन किसी भी स्थिति में उनकी संख्या टीम में 10 प्रतिशत से अधिक नही होनी चाहियें।

2 अन्तर महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रत्येंक पूर्णकालिक नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा कों निम्नलिखित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

2.1 विश्वविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश पात्रता के योग्य हुए छात्र/छात्रा को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

अ. 10+2 परीक्षा के पश्चात स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें 05 वर्ष से अधिक भाग नही ले सकते हैं। इस अवधि में छात्र /छात्रा अपने संकाय में परिवर्तन कर सकता है तथा उच्च शिक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।

ब. स्नातक पाठ्यक्रम के पश्चात स्नातकोत्तर में 03 वर्ष से अधिक भाग नहीं ले सकता। इस अवधि में छात्र/छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम में परिवर्तन अथवा उच्च शिक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।

2.2 (अ) प्रतियोगिता में 17 वर्ष से 25 वर्ष तक की आयु वाले छात्र/छात्रा ही भाग ले सकेंगे।

2.2 (ब) वही छात्र/छात्रा प्रतियोगिताओ में भाग ले सकता है जो सम्बन्धित शैक्षिक सत्र् की प्रथम जुलाई को अधिकतम 25 वर्ष तक की आयु का हो।

3. एक शैक्षिक सत्र् के दौरान प्रतिभागी छात्र/छात्रा एक ही विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

4 अस्थायी/अंशकालीन/पूरक परीक्षा के योग्य छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेशित खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य नहीं है।

5 एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय/राज्य परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण होने पर प्रतिभागी खिलाड़ी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व के योग्य तभी माना जायेगा जब माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय प्रवेश की अन्तिम/वैध/पूर्ण पुष्टि कर देंगा।

6 यदि 10+2 के बाद स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एक कक्षा में अन्तराल दो वर्ष से अधिक का है, वह खिलाड़ी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा।

7 10+2 /स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने पर अगली कक्षा में वह दो वर्ष तक ही खेल सकेगा और उस कक्षा में पास होने के पश्चात ही वह अगली कक्षा में खेल सकेगा। 10+2 उत्तीर्ण करने के वर्ष से ही उसके अवसर/वर्षो की गणना प्रारम्भ हो जायेगी।

8 जो छात्र राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बन्धित है, वे **राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय**, अलवर की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

9 छात्र का पिछले किसी भी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से खेले हुये अवसरों को भी आवश्यक रूप से वर्तमान खेलने के अवसरों के साथ गिना जायेगा। जिससे की गलत दावा प्रस्तुत नही किया जावें। शैक्षणिक योग्यता भी तभी से स्वीकार होगी जब खिलाड़ी ने पूर्व में अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेलना प्रारम्भ किया था।

10 10वीं, 10+2, स्नातक व स्नातकोत्तर की अंकतालिका की फोटों प्रतियॉ संस्था प्रधान से सत्यापित एवं प्रवेश शुल्क रसीद की मूल प्रति लाना भी आवश्यक है।

### (ब) व्याख्याः–

1 नियमित छात्र/छात्रा एक पाठ्यक्रम समाप्त होने के पश्चात उसी या नये पाठ्यक्रम में शामिल होता है तो सभी अवसर अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार होगे।

2 पूरक परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियागिताओं में भाग लेने के योग्य होगें तथा अस्थाई प्रवेशित छात्र/छात्रा भाग लेने के योग्य नहीं होगें।

3 एक वर्ष का अर्थ यहॉ एक शैक्षिणिक सत्र् होगा जिसकी अवधि के दौरान छात्र/छात्रा उतीर्ण या अनुतीर्ण रहे सामान्यतः यह अवधि एक जुलाई से 12 महीने तक तथा आगामी सत्र् के सामान्य आरम्भ तक मान्य होगी।

4 योग्य तथा पात्र छात्र/छात्रा प्रतिनिधि अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में एक कक्षा में अधिकतम दो वर्ष अपनें महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है। एक ही सत्र् में एक कक्षा में यह रोक लागू होने पर भी पाठ्यक्रम/डिप्लोमा की पूर्णावधी से एक वर्ष अधिक खेल सकने का निषेध यहॉ भी लागू होगा। पूर्णावधि से एक वर्ष अधिक प्रतियोगिता में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्र/छात्रा के प्रतिनिधित्व पर रोक/निषेध का तात्पर्य होगा कि स्नातक पाठ्यक्रम छात्र 5 वर्ष तक ही रहेगा।

5 संकाय परिवर्तन संभव है परन्तु अध्ययन की पूर्णावधि के प्रथम दो वर्ष, प्रथम प्रवेश वाले संकाय में ही होगे।

6 शेष अवधि (एक या दो वर्ष) ही स्थानान्तरित संकाय में तभी पूर्ण की जा सकती है जब नये संकाय का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लिया हो।

### योग्यता/पात्रता नियमों के उल्लघन पर अयोग्यता

1. किसी भी प्रतिभागी के पात्रता नियमों का उल्लंघन पूर्ण टीम की स्वतः अयोग्यता के लिए जिम्मेदार होगा और उस महाविद्यालय को रूपये 5000/– से दण्डित किया जायेगा तथा इसकी रिपोर्ट निदेशक, कॉलेज शिक्षा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य को भेजी जायेगी।
2. प्रतिनिधित्व अयोग्य छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय खेलों से वंचित होने पर आगामी वर्ष भी प्रतिभागी छात्र/छात्रा को प्रतिनिधित्व से वंचित किया जा सकता है।
3. अखिल भारतीय विश्वविद्यालय टीम में होने के पश्चात् प्रतिभागी छात्र/छात्रा यदि किसी अन्य संस्थान आदि का प्रतिनिधित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अनुमति के बिना करता पाया जाने पर किसी भी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। एवं उसके विरूद्व नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
4. जो छात्र/ छात्रा पूर्णकालिक आधार पर नौकरी कर रहे है, वे प्रतियोगिता के लिये योग्य नहीं होगें ।
5. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा प्रतियोगिता के दौरान अवांच्छनीय व्यवहार, लड़ाई झगड़ा करते पाये जाने पर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा उन खिलाड़ियों का प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार जॉच कराई जावेगी।
6. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर प्रोटेस्ट राशि 1000 रुपए जमा कर अयोजक महाविद्यालय को देगा व आयोजक महाविद्यालय सम्बन्धित विवाद की सूचना खेल सचिव को देगा।
7. अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता निष्पक्ष नियमानुसार हो इसको ध्यान रखते हुएए खेल बोर्ड प्रत्येक प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक व कुलपति नॉमिनी भेजेगा।
8. अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम निर्णय पर्यवेक्षक व कुलपति नॉमिनी व खेल सचिव का होगा।

# स्पोर्ट्स बोर्ड

## राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर

## खेल कलैन्डर सत्र – 2021-22



**प्रो. जे. पी. यादव**
माननीय कुलपति



**श्रीमती शकुन्तला रावत**
अध्यक्ष, स्पोर्ट्स बोर्ड



**डॉ. विजय कुमार वर्मा**
सचिव, स्पोर्ट्स बोर्ड